पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

———————

राज्यपाल ने 'बाय–बाय कोरोना' पुस्तक का लोकार्पण किया

——————

लखनऊ : 29 अक्टूबर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में डॉ0 प्रदीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा कोरोना वायरस पर केन्द्रित एवं साइंटून्स पर आधारित पुस्तक 'बाय–बाय कोरोना' का लोकार्पण किया।

पुस्तक 'बाय–बाय कोरोना' में कोरोना वायरस के बारे में विस्तृत जानकारी साइंस कार्टून्स (साइंटून्स) के माध्यम से प्रस्तुत की गई है। पुस्तक में कार्टून के माध्यम से महामारी से लेकर वैश्विक महामारी कोविड–19 और उससे जुड़े लक्षणों, बीमारी की रोकथाम और सावधानियों का रोचक चित्रण किया गया है।

विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग की स्वायत्त संस्था विज्ञान प्रसार के निदेशक डॉ0 नकुल पाराशर और प्रकाशन विभाग के प्रमुख श्री निमिष कपूर 'बाय–बाय कोरोना' पुस्तक के क्रमशः प्रमुख सम्पादक और संपादक हैं।

——————

ओ0पी0राय / राजभवन (61 / 24)

'बाय-बाय कोरोना' पुस्तक का लोकार्पण